दिनांक 13 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

आवाजाही वाले सार्वजनिक स्थलों में भी किया जा रहा है सैनिटाइजिंग का कार्य

भिलाईनगर / बाजार, सार्वजनिक स्थान एवं आवश्यक सेवा वाले दुकानों के पास भीड़ जमा न हो इसका पालन कराने निगम द्वारा भरसक प्रयास किया जा रहा है साथ ही ऐसे क्षेत्रों में सैनिटाइजिंग का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा निगम क्षेत्र के वार्डों में सैनिटाइजिंग का कार्य जारी है, निगम के स्वास्थ्य विभाग का अमला फायर ब्रिगेड , टैंकर एवं हैन्ड स्प्रे द्वारा सैनेटाइज का कार्य सघन रूप से कर रहे है। भिलाई निगम क्षेत्र में कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम हेतु निगम प्रशासन आमजन से अपील कर रही है कि लोग अपने घर में ही रहे ताकि कोरोना वायरस को फैलने से रोका जा सके। उड़नदस्ता की टीम निगम क्षेत्र के सभी बाजारों पर निरीक्षण कर व्यापारी तथा ग्राहकों को फेस कवर करने मास्क या गमछा अनिवार्य रूप से बांधने के निर्देश दे रहे हैं। भिलाई निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम निगम क्षेत्र के सभी वार्डो को सेनेटाइज करने कार्य कर रही है। सोडियम हाइपोक्लोराइड से आवश्यक सेवा वाले दुकानों के आसपास तथा बाजार,व्यसायिक क्षेत्र व घर के आस पास टैंकर व हैन्ड स्प्रे के माध्यम से जोन 01 व जोन 02 क्षेत्र के 932 स्थानों पर कर्मचारियों ने सेनेटाइज करने का कार्य किया। निगम का स्वास्थ्य अमला जनजागरूकता हेतु पाम्प्लेट का वितरण कर लोगों को बता रहे है कोरोना का संक्रमण एक दूसरे से फैलता है इससे बचाव के लिए सोशल डिस्टेंस मेंटेन करें तथा हाथों को बार-बार हैंडवाश/सेनेटाइज करते रहे।

जनसम्पर्क अधिकारी